**खबर संक्षेप**

### जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये आदेश के परिपालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा जितेंद्र कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में गत शनिवार को जिला जेल छिंदवाड़ा और उप जेल अमरवाड़ा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न हुये। इन विशेष स्वास्थ्य शिविरों में 211 पुरूष और 19 महिला बंदियों ने अपना चिकित्सकीय परीक्षण कराया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े ने बताया कि इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री शर्मा ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एवं निरोगी रहना प्रत्येक व्यक्ति का मानवाधिकार है। आपके अधिकारों को संरक्षित करने के लिये म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। यहां सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित हैं और सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज एक ही स्थान पर होना है, इसलिए आप सभी लोग अपनी शारीरिक समस्याओं से उपस्थित चिकित्सकों को अवगत करायें और समुचित इलाज पायें। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य शिविर के साथ ही विधिक सहायता शिविर भी आयोजित किया गया है जिसमें बंदियों को कानूनी सहायता व सलाह देने के लिये लीगल एड डिफेंस काउंसिल उपस्थित हैं, इसलिये आप अपनी कानूनी समस्या का समाधान भी उनसे करा सकते हैं और उचित कानूनी सलाह ले सकते हैं। शिविर में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जी.बी.रामटेके ने बंदियों को स्वस्थ्य रहने के तरीके बताये और समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच कराने के लिये कहा। शिविर में जिला जेल छिंदवाड़ा के विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेमपालसिंह ठाकुर और मेडिकल कॉलेज के डीन श्री जी.बी.रामटेके ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

### आंधी भी चली, सड़कों पर पानी भरा, कुछ क्षेत्रों में बंद रही बिजली

# आधा घंटा हुई जोरदार बारिश ने तरबतर किया शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले सहित आसपास के कुछ विकासखंडों में शुक्रवार को लगभग आधा घंटा जोरदार बारिश हुई। बारिश के साथ साथ आंधी भी चली। कुछ क्षेत्रों में लाइट भी बंद हो गई जो काफी देर तक नहीं आई। इस तरह हुई बेमौसम बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आधा घंटा हुई तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। वहीं लोगों को आने जाने में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

वहीं पिछले कुछ दिनों पहले तेज बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ गिर गए तो कहीं बिजली गिरने से पशुओं की मौत हो गई थी। वहीं बीते दिनों सौंसर क्षेत्र में भी इसी वजह से बकरियों की मौत होने की खबर सामने आई थी। ऐसे मौसम को देखते हुए बिजली विभाग ने भी लोगों से खंभों और बिजली के तार सहित अन्य बिजली से चलने वाले उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। बता दे कि पिछले दिनों बारिश के बाद लाइट बंद होने के कारण वैशाली साड़ी सेंटर के दो संचालक भाई जनरेटर चालू करने गए थे वहीं अचानक करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। इस तरह के फिर से हादसे न हो इसलिए बिजली विभाग ने लोगों से बिजली तार, बिजली खंभों से दूरी बनाए रखने को कहा है।





वहीं मिली जानकारी के अनुसार बजरंग नगर, माली मोहल्ला सहित शहर के कुछ अन्य वार्डों में बिजली भी बंद रही। वार्डवासी परेशान होते रहे।

**सभी तहसीलों में होगा आयोजन**

## वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत 11 मई को




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आगामी 11 मई 2024 को वर्ष की व्दितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय व परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा और तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई व तामिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विचार विमर्श किये जाने के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री शर्मा के निर्देशन में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर द्वारा आज जिला न्यायालय छिंदवाड़ा स्थित ए.डी.आर. भवन में जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक ली गई। बैठक में इस नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये अधिवक्ताओं से सुझाव और समस्याओं की जानकारी ली गई। उन्होंने नेशनल लोक अदालत के लाभ के संबंध में पक्षकारों को अधिक से अधिक जागरूक करने और नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करने की अधिवक्ताओं से अपील भी की। बैठक में उपाध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ श्री श्याम कुमार यादव, सर्वश्री बी.डी.मथुरिया, राजभान सिंह, जे.पी.राय, प्रणय नामदेव, प्रसन्न कुमार बाकलीवाल, अतुल शरन, कैलाश कुमार सरेठा, पी.के.बेलवंशी, विद्या पी.डी.कैथवास, नमन मेश्राम, देवीलाल विश्वकर्मा, श्रीमती नीलू श्याम यादव, सचिन विशेले, अजीजुल खान, श्रीमती प्रीति सनोडिया, कु.करिश्मा डेहरिया आदि अधिवक्तागण और एल.ए.डी.सी.एस. से सर्वश्री सतीश राज श्रीवास, देवकरण ठाकरे, राहुल तिवारी, राहुल कुमार अग्रवाल व श्रीमती शबनम हिमेश शुक्ला उपस्थित थे।

## स्टाफ क्वार्टर को लेकर बीएमओ से विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया सिविल अस्पताल के समीप बने स्टाफ क्वार्टर को लेकर बीएमओ के साथ एक नर्स के पति के द्वारा विवाद किए जाने का मामला सामने आया है । फिलहाल क्वार्टर में दो लोगों की ताले लगे हुए हैं ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात स्टाफ क्वार्टर जिसमें बीएमओ प्रमोद वाचक का सामान रखा हुआ है वह रहने के लिए वर्तमान में इसी क्वार्टर का उपयोग कर रहे हैं । इस क्वार्टर में एक नर्स के पति और उसके साथियों द्वारा ताला तोड़कर खुद का सामान रख दिया गया । यह जानकारी लगने पर बी एम ओ ने जाकर जबरन सामान रखने वालों से बातचीत की । इस दौरान बी एम ओ के साथ हुज्जत और विवाद हुआ । हालांकि बी एम ओ प्रमोद वाचक ने बताया , कि यह घटना घटने से पूर्व ही उन्हें ऐसा अंदेशा लग रहा था कि उनके क्वार्टर पर कोई कब्जा करना चाह रहा है , हालांकि उन्होंने यह भी बताया , कि जिला चिकित्सा अधिकारी के द्वारा कुछ दिन पूर्व ही उक्त क्वार्टर तथा कथित नर्स को आबंटित कर दी गई है । जिससे उन्हें अंदेशा था कि उनकी अनुपस्थिति में क्वार्टर पर कब्जा करने का प्रयास किया जाएगा । जिसके चलते उन्होंने इस मामले की जानकारी पूर्व में ही पुलिस को दे दी थी । विवाद होने के दौरान भी पुलिस मौके पर पहुंचे और विवाद शांत कराया । फिलहाल क्वार्टर पर दो लोगों के ताले लगे हुए हैं । श्री वाचक ने बताया , कि इस मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है । जिनके आदेश अनुसार कार्य किया जाएगा ।



## गांधीगंज में 11 दुकानों पर की चालानी कार्यवाही, 2200 रूपए का किया जुर्माना

**छिंदवाड़ा।** शुक्रवार को गांधीगंज में सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय पाए जाने पर निगम द्वारा 11 दुकानों में चालानी कार्रवाई की गई। कुल 2200 रुपए का चालान वसूला गया। इस कार्रवाई में स्वच्छता निरीक्षक मंगेश राव पवार, अनिल लोट, सुनील मालवीय एवं अतिक्रमण दस्ता से गोविंद चौहान आदि उपस्थित रहे।

## उपसंचालक ने किया चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर छिंदवाडा शीलेन्द्र सिंह के निर्देषानुसार शुक्रवार को उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा टीम के साथ रूचि वेयर हाउस लिंगा मे संचालित चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति उमरानाला एवं सेवा सहकारी समिति बिछुआ के उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय उमरानाला समिति द्वारा कृषक श्री गनेष साहू ग्राम खमरा द्वारा सरसो का 25 क्विटल एवं श्री बबलू पिता पंढरी ग्राम डूडासिवनी द्वारा सरसो का 25 क्विटल उपार्जन करते पाया गया। किसानों से चर्चा की गई एवं



संबंधित समितियों एवं सर्वेयर को एफएक्यू गुणवत्ता का ही अनाज क्रय करने के निर्देष दिये गये। आज दिनांक तक सेवा सहकारी समिति उमरानाला में 19 कृषकों द्वारा 684 क्विटल सरसों एवं 3 कृषकों द्वारा 42 क्विटल चना एवं सेवा सहकारी समिति बिछुआ में 48 कृषको द्वारा 1725 क्विटल सरसो का उपार्जन किया गया।

उपार्जन समितियों द्वारा सरसो के बारदाने कम उपलब्ध के संबंध मे अवगत कराया गया, जिसकी पूर्ति हेतु उपार्जन एजेंसी जिला विपणन अधिकारी को निर्देषित किया गया। साथ ही विकासखंड मोहखेड के ग्राम लिंगा के कृषक श्री सीताराम पिता आपाजी राउत के खेत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिषन अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूॅग क्लस्टर प्रदर्षन का अवलोकन किया गया। कृषक द्वारा नवाचार के रूप में 20 मार्च 2024 को मूॅग फसल की बोनी की गई एवं मिनी स्प्रिंकलर द्वारा फसल की सिंचाई करना पाया गया। कृषक द्वारा बताया गया कि मूॅग फसल मे मिनी स्प्रिंकलर से सिंचाई करने पर कम पानी में अधिक क्षेत्रफल की सिंचाई हो रही है एवं फसल स्थिति बहुत अच्छी है, जिससे अच्छा उत्पादन प्राप्त होने की संभावना हैं। भ्रमण के दौरान सहायक संचालक कृषि श्री दीपक चौरासिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री डी एस घाघरे, जिला परामर्षदाता एनएफएसएम श्री चेतनानंद कावले, तकनीकी सहायक श्री अष्विनी गुप्ता, श्रीमति मधुवेन, श्रीमति प्रिया कराडे, श्री पंकज पराडकर, श्री दिनेष धुर्वे, श्रीमति सेवंती चौकसे उपस्थित रहे।

## गांधीगंज में आज होगा विशाल भंडारा

**भक्तों ने निकाली थी जामसावंली के लिए विशाल गदा पदयात्रा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

हनुमान सेवा एवं सहयोग समिति के शैलेष यदुवंशी जी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री राम की नगरी गांधीगंज से विशाल गदा पदयात्रा 21 अप्रैल को पंचेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ की गई जो कि शहर के विभिन्न मार्ग को से होते हुए जाम सावली के लिए रवाना हुए जिसमें रात्रि विश्राम बंजारी माता में किया गया 22 अप्रैल को भोजन पश्चात जाम सावली के लिए रवाना हुए श्री चमत्कारी हनुमान जी महाराज जामसावली वाले दादा जी के दर्शन 23 तारीख को सुबह महा आरती के बाद सभी को प्राप्त हुए सफलतम 14 वर्ष पुण्य हुए 27 अप्रैल को श्री राम की नगरी गांधीगंज वार्ड नंबर 15 में शाम 4:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है इसमें आप सभी भक्तगण उपस्थित होकर पूर्ण लाभ एवं महाप्रसाद ग्रहण करें।

## हज यात्रियों को मिलेगी रियाल एक्सचेंज सुविधा

**अहम दस्तावेजों का कराना होगा वेरिफिकेशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

हज ए मुबारक के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हज़रात को सऊदी अरब की करंसी रियाल भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी ने बताया की हज के दौरान यात्रियों को सऊदी अरब में वहां की करंसी की ज़रूरत पड़ती है।

रियाल मिलने में दिक्कत होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ता है। इस तकलीफ से निजात दिलाने हज यात्रियों को गांधी गंज नई आबादी स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में रियाल मिलेंगे। रिज़वान कुरैशी ने सभी हज यात्रियों से अपील की है की वे सभी खादिमुल हुज्जाज़ कमेटी के पास अपना पेन कार्ड, कवर लेटर, सहित अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करा दें, ताकि कमेटी द्वारा बैंक से समय पर वेरिफिकेशन कराया जा सके। वेरिफिकेशन की कार्यवाही होते ही कमेटी द्वारा आपको सूचना दे दी जाएगी, ताकि सभी हज यात्री बैंक जाकर रियाल एक्सचेंज ले सकें। अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष ने बताया की बैंक द्वारा प्रत्येक हज यात्री को 50 हज़ार रुपए मूल्य के रियाल एक्सचेंज किए जाएंगे। रिज़वान कुरैशी ने बताया की हज पर जाने वाले सभी यात्री पहले पेन कार्ड, आधार कार्ड, कवर लेटर सहित अन्य दस्तावेजों का खादिमुल हुज्जाज़ कमेटी के जरिए वैरिफिकेशन करा लें, ताकि उनका वैरिफिकेशन समय रहते किया जा सके और उन्हें रियाल मिलने में असुविधा का सामना न करना पड़े। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर ख़ादिमुल हुज्जाज कमेटी के हाजी साबिर पटवारी, मोहम्मद मोहसिन, वदूत कुरैशी आदि से संपर्क कर सकते हैं। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी ने बताया की गत वर्ष बड़े शहरों में ही रियाल एक्सचेंज की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिससे ज़िले से जाने वाले हज यात्रियों को रियाल एक्सचेंज कराने बड़े शहरों का रुख करना पड़ता, लेकिन भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के अथक प्रयासों से ज़िले के हज यात्रियों के लिए छिंदवाड़ा में ही रियाल एक्सचेंज की सुविधा भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा दी गई थी।

वहीं खादीमुल हुज्जाज़ कमेटी पिछले कई वर्षों से हाजियों की खिदमत को बखूबी अंजाम देती चली आ रही है।

## बजरंग नगर में छह घंटे रही बिजली गुल, वार्डवासी परेशान

छिंदवाड़ा। नगर निगम के वार्ड क्रमांक चालीस गुरैया रोड स्थित बजरंग नगर में शुक्रवार को करीब छह घंटे से अधिक समय से बिजली गुल होने के कारण वार्डवासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्डवासियों का कहना था कि उन्होंने कम्प्लेंट नंबर पर फोन लगाया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। वहीं शुक्रवार को दोपहर के बाद हुई बारिश की वजह से भी कुछ क्षेत्रों में लाइट बंद रही। इस तरह गर्मी के मौसम में बजरंग नगर के लोग बिजली बंद होने से काफी दिक्कत में रहे।

## दमुआ में समर कैंप शिविर का किया गया आयोजन

दमुआ। सीएम राईज स्कूल दमुआ में दिनांक 26 अप्रैल से 6 मई तक समर कैंप शिविर का आयोजन किया जा रहा है जहां विभिन्न गतिविधियां कार्यक्रम खेलकूद जैसे शतरंज ,केरम ,ड्राइंग, संगीत, मेहंदी ,स्पोकन इंग्लिश, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट,रंगोली,लेखन सुधार जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है ।आयोजित समर कैंप के प्रभारी श्री अभिजीत मोहबे ,नामदेव कर बेले सर, यादव सर आदि शिक्षक गण के समावेश में इस कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा इस कार्यक्रम में इस शिविर में ग्रीष्मकालीन शिविर में कम राज विद्यालय के समस्त छात्र भाग लेंगे ।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई शहरी विकास विभाग की समीक्षा बैठक**

## दमुआ-चौरई के सीएमओ-उपयंत्री को कारण बताओ जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शहरी विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगरपालिक निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास (शहरी), संपत्ति कर व अन्य करों की मांग और राजस्व वसूली, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, पेयजल आपूर्ति, सीएम हेल्पलाईन आदि की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में सहायक कलेक्टर सुश्री तनुश्री मीणा, आयुक्त नगरपालिक निगम श्री चंद्रप्रकाश राय, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री रोशन सिंह बाथम, कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम श्री ईश्वर सिंह चंदेली, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपयंत्री और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जो ठेकेदार समय पर कार्य नहीं कर रहे है या जिन्होंने कार्य प्रारंभ ही नहीं किया है या अनावश्यक विलंब कर रहे हैं, उन्हें तत्काल ब्लेक लिस्टेड करें। साथ ही ऐसे कार्यों को पूर्ण करने के लिये नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करें। उन्होंने संपत्ति कर व अन्य करों की मांग के अनुसार राजस्व वसूली करें तथा बड़े बकायादारों द्वारा राजस्व कर जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्यवाही करते हुये कुर्क सामग्री की नीलामी कर राजस्व वसूली करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जीआई सर्वे कर उचित ढंग से करों का पुनः निर्धारण करें और वाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन राजस्व वसूली की जानकारी दी। दुकानों के किरायें की शत-प्रतिशत वसूली करें तथा जो दुकानदार किराया का भुगतान न करें, उनसे दुकान खाली करायें। उन्होंने निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर दमुआ नगर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दशरथ प्रसाद खंडेलकर व उपयंत्री श्री कीर्ति प्रकाश चौहान और चौरई नगर की मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अभय राज व उपयंत्री श्री आशिक शेख को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कम प्रगति पाये जाने पर हर्रई नगर की मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर व उपयंत्री सुश्री दीप्ती साहू और चांदामेटा बुटरिया नगर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री भरत गजभे व उपयंत्री श्री विनय शुक्ला को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत अत्यंत कम प्रगति पाये जाने पर असंतोष जाहिर करते हुये इस मिशन के सामुदायिक संगठक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सभी नगरीय निकायों में नियमित पेयजल आपूर्ति करें और जिन क्षेत्रों में अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जा रही हैं।उन क्षेत्रों में कम से कम अंतराल में पेयजल उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के लिये आम जनता को जागरूक करें जिससे अच्छे परिणाम मिल सके। दुकानदारों से कचरा संग्रहण के लिये 2 कंटेनर रखवायें व पॉलिथीन के उपयोग पर नियंत्रण के लिये कार्यवाही करें।

## पूरे ब्लॉक में छात्राओं का रहा दबदबा

# सीएम राइज की 9 छात्राओं और 6 छात्रों ने मैरिट सूची में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया






परासिया विकास खंड के के सभी 69 हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल में पढ़ने वाले दसवीं और बारहवीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणामों में छात्राओं का दबदबा रहा । वहीं परासिया सी एम राइज स्कूल की ९ छात्राओं और 6 छात्रों ने मैरिट सूची में स्थान पाया है । हालांकि सी एम राइज स्कूल में दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम का प्रतिशत संतोषजनक नहीं माना जा रहा है ।गौरतलब है , कि हाल ही में कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं ।इन परिणामों में ज्यादातर उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में बालिकाओं की संख्या अधिक है । परासिया विकासखंड में कुल 44 हाई स्कूल है जिनमें से 980 बालक और 1338 बालिकाएं वर्ष 2024 की परीक्षा में सम्मिलित हुए इनमें से 197 बालक और 443 बालिकाओं ने प्रथम स्थान के साथ दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है । इसी तरह ब्लॉक में कुल 25 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हैं । जिसमें से 633 बालक और 1038 बालिकाएं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुई । इनमें से 221 बालक और 489 बालिकाओं ने प्रथम स्थान के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की । इसी तरह सी एम राईज स्कूल परासिया के 82 छात्रों ने दसवीं की परीक्षा दी । इनमें से 52 छात्र उत्तीर्ण हुए और इस कक्षा का परीक्षा परिणाम 63.4 प्रतिशत रहा । इसमें कुल 7 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किया । वहीं 12वीं की परीक्षा में इस स्कूल के 54 छात्रों ने परीक्षा दी और 25 छात्र उत्तीर्ण हुए । यहां 12वीं का परीक्षा परिणाम 46.2 रहा इनमें । आठ छात्रों ने 75% से अधिक प्राप्त किए हैं । सी एम राइज स्कूल परासिया से मैरिट लिस्ट में 12वीं की निम्न छात्राएं शामिल है गौरा पिता किशोर यादव 91% , रक्षा पिता दिलीप 89% , मौसमी पिता प्रवीण नागवंशी 83.6% , हर्षिता पिता तेज लाल विश्वकर्मा 78.8% , अंजलि पिता अशोक आम्रवंशी 78.6 % । दसवीं कक्षा के मोहित पिता ऋषि कुमार शेंडे 85.2% , ख्याति पिता आकाश शर्मा 85% , निशा विश्वकर्मा पिता धर्मेंद्र 80.4% फाएजा बानो पिता सादिक 79.4% और भूमिका पिता विजय सिंग मरकाम ने 78. 4% अंकों के साथ कक्षा दसवीं उत्तीर्ण कर सी एम राईज स्कूल परासिय का नाम गौरवान्वित किया है ।

## कांग्रेस नेता पर हमला करने वालों को बचा रही पुलिस- ओक्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनाव के लिये मतदान जारी था और पुलिस के आला अफसर यह दावा कर रहे थे कि जिले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर है, किन्तु इस दौरान कांग्रेस नेता पर हुये हमले ने पुलिस की पुख्ता व चाक चौबंध व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। घटना कारित हुये सात दिन बीत चुके हैं, किन्तु अभी तक पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ पाई है या फिर पुलिस ही अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उक्त उदगार आज छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किये।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि आदिवासी अंचल में नाकाबपोश बदमाशों के द्वारा कांग्रेस नेता सुनील जुनुनकर पर जानलेवा हमला किया जिससे सम्पूर्ण आदिवासी क्षेत्र में खौफ का माहौल निर्मित हो चुका है। पुलिस की सुस्त कार्रवाई से अब लोगों का कानून व्यवस्था व पुलिस के उपर से भी भरोसा उठ रहा है। विदित हो कि पांढुर्ना विधानसभा क्षेत्र के अम्बाड़ा मेट नांदनवाड़ी थाना क्षेत्र में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को कांग्रेस नेता सुनील जुनुनकर पर कुछ नाकाबपोश बदमाशों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। इस सम्पूर्ण आपराधिक घटनाक्रम की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस थाना में लिखवाई गई, किन्तु आज दिनांक तक पुलिस ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। हमलावर बदमाशों को गिरफ्तार करने से पुलिस या तो बच रही है या फिर उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के इस रवैये से कांग्रेस नेताओं व स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में पुलिस से मांग की है कि हमलावरों को अविलम्ब गिरफ्तार किया जावे ताकि क्षेत्र की जनता में निर्मित हुये डर का माहौल समाप्त हो।

### बिछुआ विकासखंड ने मारी बाजी, शानदार रहा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम

**छिन्दवाड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं के सत्र 2023-24 के बोर्ड परीक्षा परिणाम गत दिवस को घोषित कर दिये गये हैं जिसमें छिन्दवाड़ा जिले के 4 आदिवासी विकासखंडों का कक्षा 10वीं का 61.74 प्रतिशत व कक्षा 12वीं का 64.51 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाडा द्वारा जिले के आदिवासी विकासखंडों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सत्येन्द्र सिंह मरकाम ने बताया कि चारों विकासखंडों में सर्वाधिक आदिवासी विकासखंड बिछुआ का परीक्षा परिणाम रहा है जिसमें कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 71.81 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 74.81 प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं में 6448 में से 3981 छात्र/छात्रायें उत्तीर्ण हुये है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 5060 छात्र/छात्राओं में से 3264 छात्र/छात्रायें उत्तीर्ण हुये है। कक्षा 10वीं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ोसा का परिणाम शत-प्रतिशत और कक्षा 12वीं का भी परीक्षा परिणाम 95.89 प्रतिशत आने पर यह शाला प्रथम स्थान पर रही है।

## 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में शाला में 50 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विगत दिनों दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जुन्नारदेव स्थित एक स्कूल में बच्चों ने शानदार अंक हासिल कर जुन्नारदेव व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शाला स्टेप फॉरवर्ड 12वी के विद्यार्थियों में अक्षरा राय, 88,% कनक मानकेर 84% रक्षिता जैसवाल 84% निखिल साहू 84% कुमकुम पाल 84% पर्व श्रीवास्तव 82% जायना वडगरे 82% इंद्रेश भंननारे 81% मनमीत कौर 81% आर्या खंताल 79% अंक अर्जित कर उत्कृष्ट परिणाम दिया है वहीं 10वी में मयंक 85.8 प्रतिशत सुमायला फातिमा 84.8 नूरन हंनफी 84.6% दर्शना आरसे 80.8%अंक प्राप्त किये 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नेहा डंडोरे , दिव्यांशा साहू अब्दुल वारिश , श्रुति धीमान, कृतिका यदुवंशी, प्रियांशु चौहान रहे। शाला के सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं शिक्षकों को दिया है। उनके अनुसार कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास योजना अनुरूप कार्य, आत्मविश्वास, शिक्षकों का मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी रही है। शत प्रतिशत रिजल्ट आने पर संस्था प्रमुख आशीष गुप्ता, प्राचार्या पामेला वार्ड, जैसलिन जॉर्ज, सहित समस्त शिक्षकगणों ने बधाइयां दी एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया प्रवेश प्रक्रिया सारणी

**दमुआ।** सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01.05.2024 से प्रारम्भ हो रही है उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम चरण प्रवेश प्रक्रिया स्नातक स्तर पर 01.05.2024 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 02.05.2024 से प्रारंभ हो रही है। शासकीय महाविद्यालय दमुआ में स्नातक स्तर पर बी.ए, बी.कॉम, बी.एस.सी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए हिन्दी साहित्य, राजनीति शास्त्र एवं अर्थशास्त्र पर प्रवेश प्रारम्भ है। गत वर्ष की तरह छात्राओ के लिये पंजीयन निःशुल्क रहेगा एवं छात्रो के लिये न्यूनतम शुल्क देय होगा। प्रवेश संबंधी किसी भी जानकारी के लिए महाविद्यालय में आकर सम्पर्क किया जा सकता हैं या निम्न संपर्क सूत्रों पर सम्पर्क कर प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। श्रीमती रश्मि दास, 8770930288 प्राचार्य ,श्री राजकुमार कुशवाह 7509806734 प्रवेश प्रभारी शासकीय महाविद्यालय दमुआ।

## मंदिर में प्रदान किया कूलर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शहर के प्राचीनतम श्री गणेश मंदिर पिपरिया रोड परासिया के पुजारी हेमंत शर्मा ने बताया , कि परासिया में तापमान दिन पर दिन बढ़ते जा रहा है । दोपहर 12 बजे से संध्या 5 बजे तक बहुत अधिक गर्म हवाएं चल रही हैं और साथ ही बहुत ही गर्मी लग रही है । जिसके चलते उन्होंने परासिया शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया क्रो फोन के माध्यम से गर्मी से होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया । उनके आग्रह को सहर्ष स्वीकारते हुए समाज सेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने तत्काल अपनी शॉप आर.के. फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक, सरगम वाला से अपनी ओर से श्री गणेश मंदिर मेंएक कूलर लगवाया है। यह कूलर गर्भ ग्रह में लगाया गया है । जिससे भगवान श्री गणेश भगवान हनुमान जी की प्रतिमा को शीतल वायु प्राप्त होंगी। आपको बता दें ,कि वर्तमान समय पर श्री गणेश मंदिर का नवीनीकरण निर्माण कार्य चल रहा है । परासिया शहर के सभी भक्तजनों दानदाताओं से अपील की गई है , कि अपनी ओर से तन, मन, धन समय जो बन सके

## मृतकों के परिवारजनों को मुआवजा दें विद्युत कम्पनी- बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म. प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं. लि. की लापरवाही व वितरण कम्पनी के अधिकारियों का गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते जिले में लोकसभा चुनाव के उपरांत अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे आमजन त्रस्त है। विगत दिवस शहर के बुधवारी बाजार में हल्की बारिश के चलते बिजली सप्लाई प्रभावित होने के कारण दो भाइयों द्वारा जनरेटर चालू करने दौरान करंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई थी। कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि इस घटना के लिये जिम्मेदार विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वितरण कम्पनी की ओर से मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी के चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घटिया एवं गुणवत्ता विहीन मेंटेनेंस के कारण हल्की बारिश व हवा धुंध से बिजली आपूर्ति बुरी तरह लड़खड़ा जाती है जिससे आम जनता को भारी असुविधा होती है एवं विधुत उपकरण खराब हो जाते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में कंपनी द्वारा मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्यक्रम जारी कर घोषित बिजली कटौती की जाती है किंतु समस्या जस की तस बनीं रहती है। जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा ने विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक से मांग की है कि विगत दिवस करंट की चपेट में आये मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देते हुए घटना के दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

### नकुल-कमलनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को दी शुभकामनायें

**छिन्दवाड़ा:** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड कक्षाओं के घोषित हुये परिणामों में जिले के होनहार छात्र-छात्राओं ने अपने जिले, स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद श्री नकुलनाथ ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ एवं सांसद श्री नकुलनाथ ने कक्षा बारहवीं की प्रदेश स्तरीय टॉप 10 सूची में जगह बनाने वाले पांच मेधावी विद्यार्थी प्रथम पिता अमित सोनी, दीपाली पिता सुनील वर्मा, शिवम पिता रामकुमार सनोडिया, तनुश्री पिता दुर्गेश शिवा एवं पाखी पिता मितुल चौहान एवं कक्षा दसवीं की मैरिट सूची में सम्मिलित शितिज पिता प्रमोद गढ़ेवाल, मेघा पिता धनराज बैंगने, पूनम पिता अशोक पांडे एवं धार्मिक पिता योगेश सोलंकी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की साथ ही बच्चों के पथ प्रदर्शक अभिभावकों व गुणी शिक्षकगणों को भी ढेरों बधाई प्रेषित की है।

## 95% अंकों के साथ संपूर्ण उकवा क्षेत्र में जय राणा ने दसवीं में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज उकवा।



प्रतिभा पहचान की मोहताज नहीं होती है,हाल ही माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में संपूर्ण उकवा क्षेत्र में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल उकवा के होनहार छात्र जय राणा पिता जितेंद्र राणा माता हीना राणा ग्राम गुदमा निवासी ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ संपूर्ण उकवा क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो की जय राणा जिनके पिता एक छोटे से किसान है और माता ग्रहणी है, जिनकी दो संतान है, जिसमे बड़ी बेटी ने भी बारहवीं की परीक्षा दी थी,जो प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई और छोटे बेटे ने संपूर्ण क्षेत्र में टॉप किया। जय ने बताया कि वह रोज दिन में और रात में कई कई घंटे पढ़ाई करता था,कभी-कभी समय निकाल कर घर के कार्य में पिता का हाथ ही बटाया करता था। जय का सपना गणित विषय लेकर एक सफल आई.आई.टीयन बनने का है,जिसके लिए उसने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है,बालक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने संस्था के प्राचार्य राजेंद्र भटेरे एवं संस्था के गणित शिक्षक पवन गॉड,एवं अन्य गुरुजनों शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ अपने माता पिता परिजनों एवं उनका हर परिस्थिति में मार्गदर्शन करने वाले जेम्स बारीक सर,सचिन सर आदि को दी है,बहरहाल बालक की सफलता से सम्पूर्ण उकवा ग्राम में हर्ष का माहौल है,और बालक की सफलता पर अनेक लोगो ने घर पहुंच कर बालक को बधाई प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना

### शक्ति विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का सराहनीय रहा परीक्षा परिणाम



**कटंगी।** गत दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की है. कक्षा दसवीं की परीक्षा में नगर के शक्ति विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है. स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि छात्र अमन मुकेश इंगोले ने 500 में 457 अंक हासिल कर 91.4 प्रतिशत के साथ संस्था में पहला स्थान हासिल किया. वहीं नीलम जगन्नाथ भगत ने 456 प्राप्त कर दूसरा और 444 अंक पाकर अक्षया कमलेश गड़पाल ने तीसरा स्थान हासिल किया. इन विद्यार्थियों सहित अन्य विद्यार्थियों की सफलता पर संस्था संचालक जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने सभी को बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हितग्राहियों ने नपा कार्यालय में किया हंगामा : 05 साल बाद भी नहीं मिली पीएम आवास की तीसरी किस्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कई गरीब हितग्राहियों ने शुक्रवार को नगर परिषद कटंगी कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया. इससे पहले सभी हितग्राहियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम की गैरमौजूदगी होने के कारण नायब तहसीलदार महेश सोलंकी को ज्ञापन सौंपा. आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष योगराज ठाकरे के नेतृत्व में पीएम आवास के हितग्राहियों ने ज्ञापन सौंपा. दरअसल, कटंगी नगर के करीब 145 हितग्राहियों को वर्ष 2018-19 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था. जिसकी तीसरी किस्त 50 हजार रुपए आज तक हितग्राहियों को नहीं मिल पाई है. हितग्राही अंतिम किस्त के लिए कई बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा चुके है. जहां हितग्राहियों को बताया जा रहा है कि सरकार की ओर से राशि नहीं आई है जबकि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगर परिषद को डीपीआर के मुताबिक राशि आवंटित की जा चुकी है।

जैसा कि केन्द्र सरकार के द्वारा गरीब परिवारों को पक्की छत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई थी. इस योजना में नगर परिषद के जिम्मेदार अफसरों ने कथित तौर पर जमकर भ्रष्टाचार किया है. जिन हितग्राहियों को वर्ष 2018-19 में पीएम आवास स्वीकृत किए गए. उन हितग्राहियों को 05 वर्ष से भी अधिक का वक्त बीतने के बाद भी तीसरी किस्त नहीं दी गई जबकि यह राशि नगर परिषद के पास 04 साल पहले ही आ चुकी है. यह राशि 72 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है. नगर परिषद में इस योजना में भ्रष्टाचार करने में कथित तौर पर तत्कालीन सीएमओ, योजना प्रभारी उपयंत्री राजेश चौकसे, अरुण कुमार रामटेके की भूमिका संदिग्ध दिखाई देती है. आपको जानकर ताज्जुब होगा कि एक आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक नगर परिषद ने कई अपात्र को योजना का लाभ पहुंचाया है. एक ही परिवार में 02 से लेकर 04 सदस्यों को हितग्राही बनाकर योजना का लाभ प्रदान कर दिया गया. एक ही दिन में मकान के फाउंडेशन, लेंटर और स्लैब की जियो टैगिंग कर आवास को पूर्ण कर दिया गया और उन हितग्राहियों को पूरी राशि भी दे दी गई. यह बिना नगर परिषद कटंगी के जिम्मेदारों और जियो टैगिंग करने वाली कंपनी के कर्मचारियों के संभव नहीं हो सकता. जबकि इधर, गरीब हितग्राही तीसरी किस्त के लिए चक्कर काट रहे है।

कटंगी शहर के लगभग सभी 15 वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही है. जिन्हें आवास योजना की तीसरी किस्त नहीं मिली है. हितग्राही मेहतरलाल कुपाले, राधेश्याम, बाबुलाल, मनीषा वाघाड़े, रफीक खान, ललीता नागेश्वर, शकील शेख, अकील शेख, मुन्नीबाई नारबोदे, सेवकराम मात्रे, दिलीप मात्रे, दुर्गाप्रसाद पंचेश्वर, रामेश्वरी रोकड़े, मेहतरलाल कुपाले, प्रतिमा नागेश्वर, जीरन देवाहे, मंतुरा नेटी, मेहतरलाल गाड़ेकर, फत्तुलाल नागफासे, उमा राहंगडाले, दिलीप मात्रे, किसनी बाई नागेश्वर, बाबूलाल कुमरे, तरासन बाई कावरे, सेवकराम मात्रे, एमनबाई मानेश्वर, दुर्गाप्रसाद मानेश्वर, चैनलाल भगत, नंदलाल भगत, धनेन्द्र मोरसिया, ललीता नागेश्वर, मो. अकील शेख, रफीक खान, अकील शेख सहित अन्य हितग्राहियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

सूत्रों की मानें तो नगर परिषद कटंगी के जिम्मेदारों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की राशि में हेर-फेर किया है. आवास विभाग ने नगर परिषद को डीपीआर के मुताबिक राशि आवंटित कर दी किंतु नगर परिषद ने हितग्राहियों को राशि नहीं दी. अब नगर परिषद ने जिन अपात्र हितग्राहियों को राशि प्रदान की है. ऐसे अपात्र हितग्राहियों से अब राशि वसूली करने की तैयारी की जा रही है ताकि इस राशि के मिलने पर उन हितग्राहियों को तीसरी किस्त प्रदान की जा सकें जिन्हें अब तक राशि नहीं मिली है. बहरहाल, हितग्राहियों ने नगर परिषद को 15 मई तक का समय दिया है वहीं तीसरी किस्त नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### पीड़िता को उसका पति 5 सालों से कर रहा था प्रताड़ित

## पत्नी ने पति के खिलाफ कराया मामला पंजीबद्ध



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना अंतर्गत ग्राम जुनेवानी मे पति के प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने लांजी थाना पहुंचकर पति के खिलाफ कराया मामला पंजीबद पीड़िता महिला ने बताया कि मेरे पति राजेंद्र बिहोने मुझे आए दिन मारपीट करता है और मुझे खाने-पीने का सामान भी लाकर नहीं देता है और ना ही मुझे खर्चे के लिए रुपए देता है और मैं अपने और अपने बच्चों का जीवन यापन करने कमाने जाती हूं तो मेरे साथ मारपीट करता है जिसको लेकर 24 अप्रैल को भी मेरे पति राजेंद्र बिहोने के द्वारा घर से बाहर खींचकर लात घुसो से मेरी पिटाई की गई तब मैं दर्द से परेशान होकर अपने भाई के साथ लांजी थाना पहुंची है। वही लांजी थाना पहुंचकर पीड़िता ने अपने पति राजेंद्र बिहोने के खिलाफ मामला दर्ज कराया और बताया कि मै मजदूरी का काम करती हूं और मेरे दो लडके है। दिनांक 24 अप्रैल को मैं अपने पति के साथ काम करने जाती हूं मेरा पति मिस्त्री का काम करता है और मै रेत मशाला बना रही थी उसी दौरान मेरे पति ने मुझे बोला कि तेरे को मशाला बनाते नही आता बोला और तू काम नही करती फिर मै दूसरे के पास काम के लिए पता करने गई इसी बात को लेकर मेरे पति के द्वारा मुझे हाथ मुक्के से एवं लकडी से मुझे मारपीट किया पीठ में लकडी से मारा एवं सीने मे लात से मार दिया तथा धक्का दिया जिससे मेरे पैर में चोट लगी है और मुझे गंदी गंदी गालियां देते हुए बोलने लगा कि मेरे घर पर आना नही और मुझे खींच खींच कर मारने लगा तब मैने आवाज लगाई तो हमारे पडोस के मुकेश पंद्रे एवं ओमप्रकाश भटेरे ने आकर बीच बचाव किये । औरमेरे पति मुझसे कहने लगा कि अब दोबारा मेरे साथ काम करने आना मत अगर आयेगी तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा । और जान से मारने धमकी देने लगा फिर मैने अपने भाई तामेश पिता रोशन लाल बल्लारखेडे को फोन करके बुलाई मेरे भाई के आने पर मैने घटना के संबंध में सारी बात बताई और अपने भाई के साथ थाना लांजी पहुंच कर अपने पति के खिलाफ शिकायत की जिस पर लांजी थाना पुलिस ने भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धारा 294, 323, 506 के तहत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार हुए घायल, एक की हुई मृत्यु दूसरे का टूटा पैर



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना अंतर्गत ग्राम भानेगांव टेडवा के बीच 25 अप्रैल के रात सड़क दुर्घटना घटित हुई जिसमे एक बाइक में सवार दो लोग थे और दोनों ही टेडवा निवासी बताए गए ।जिसमें गंगाधर बेदरे पिता टेकचंद बेदरे उम्र 35 वर्ष जाति कुनबी एवं दूसरा विकास पिता भोला मिश्रा बाइक पर सवार थे।जानकारी अनुसार दोनों एक बाइक पर सवार टेडवा से भानेगांव की ओर जा रहे थे तभी यह सड़क हादसा घटित हुआ परंतु अभी सड़क हादसे का कारण पता नहीं चल पाया है ।दुर्घटना में दोनों बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो चुके थे। जिन्हें किरनापुर अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों घायलों की गंभीर हालत होने की वजह से दोनों घायलों को उच्च उपचार हेतु रेफर किया गया जहां से उनके परिजनों ने उच्च उपचार हेतुदोनो घायलों को गोंदिया हॉस्पिटल ले जाया गया । गोंदिया हॉस्पिटल पहुंचते ही गंगाधर बेदरे की मृत्यु हो चुकी थी ।वहीं दूसरा घायल विकास मिश्रा जिसका सड़क हादसे में एक पैर टूट चुका था उसे गोंदिया अस्पताल में भर्ती कर मृतक गंगाधर बेदरे को लांजी सिविल अस्पताल लाया गया जिसकी जानकारी लांजी सिविल अस्पताल में पदस्थ वार्ड बॉय राम सिंह धुर्वे के द्वारा लांजी थाना में दी गई जिस पर लांजी पुलिस ने मर्ग कायम कर क्रमांक 21/24 धारा 174 जा.फौ.का मामला कायम कर जांच में लिया तथा इसकी जानकारी लांजी एसडीएम को भेजी गई। लांजी पुलिस के द्वारा शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### अंजली यूपीएससी और माही पशु चिकित्सा के क्षेत्र में बनाना चाहती है करियर

## प्रतिभावान छात्राओं को बौद्ध संघ ने किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** एक दिन पहले माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम की घोषणा की है. नगर के सीएम राइज स्कूल की होनहार छात्रा अंजली रंजीता कुंवर मासुरकर ने पूरे स्कूल में टॉप किया है. वहीं इसी स्कूल की छात्रा माही निरूपमा राकेश वारके ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है. नगर की इन दोनों ही छात्राओं को गुरुवार की शाम जिला बौद्ध संघ बालाघाट की ओर से सम्मान किया गया. जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े, उषा खोब्रागड़े, नगर अध्यक्ष डी.डी.गजभिए, महिला अध्यक्ष मंजू दिनेश उके, प्रदीप मंडाले, कपिल मेश्राम, राहुल मासुरकर, पार्षद मितेश कुमरे, अरविंद दरवड़े, हर्ष रायकर, शुभम मेश्राम, काजु शर्मा, गुड्डु त्रिवेद्वी, गोंविदा खरकाटे, पंकज डोहरे सहित अन्य ने छात्राओं को सम्मानित किया. अंजली मासुरकर ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी करेगी. वहीं माही ने पशु चिकित्सा के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने की बात कहीं है।

अंजली ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बड़ी बहन और शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है. उन्होंने बताया कि पेपर के पास-पास बहुत अधिक लग्न से पढ़ाई करने पर यह सफलता मिली है. 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने की उम्मीद थी लेकिन 93 प्रतिशत अंक लाकर पूरे स्कूल में टॉप करने का मन में ख्याल नहीं था. उन्होंने कहा कि उनके पिता कुंवर मासुरकर ने हम बहनों को पढ़ाई में अपना सब कुछ समर्पित किया है अब उनकी जिम्मेदारी है कि माता-पिता ने जो सपने देखे है. उन सपनों को वह पूरा करें. इसलिए यूपीएससी की तैयारी करना है. बता दें कि अंजली के पिता एक छोटी होटल चलाते है जबकि माता गृहणी है. वहीं सीएम राइज स्कूल की छात्रा माही वारके ने भी बायो विषय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए. उन्होंने भी अपना सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिकाओं और खासतौर से सहपाठियों को दिया है. माही ने बताया कि उनके सहपाठियों ने हर वक्त उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि आजकल नीट और जेईई में बहुत प्रतिस्पर्धा है जबकि पशु चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कम है इसलिए इस फील्ड को चुनना चाहती हूं।

# बस और बाइक में भिड़ंत, पति-पत्नी की मौतः कारीरात मिडवे के पास हादसा

**बाइक पुत्र रोहित चल रहा था जब उनकी बाइक मिडवे ट्रीट के सामने पहुंची तभी वहां से गुजर रही श्री शिव शक्ति बस पांढुर्णा सिवनी छिंदवाड़ा बस क्रमांक एमएच 12 Z 8094 से जोरदार टक्कर हो गई साथ ही बस के नीचे बाइक बुरी तरह फस गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर छिन्दवाड़ा रोड स्थित मिडवे ट्रीट के सामने शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे बस और एक बाइक की जोरदार टक्कर से बाइक में सवार पति-पत्नी की जहां मौत हो गई वहीं उनके 21 वर्षी पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया जहां जिला अस्पताल सिवनी में प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें नागपुर उपचार के लिए ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतपुरखुर्द (जाम) निवासी टूटू सनोडिया (45) पत्नी सरोज सनोडिया (40) व 21 वर्षीय पुत्र रोहित सनोडिया बाइक क्रमांक MH 49 AC 0598 से मिडवे ट्रीट में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

इस दुर्घटना में पुत्र रोहित जहां गंभीर रूप से घायल हुआ वहीं उसके माता-पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार एरपा निवासी लड़की पक्ष वाले मिडवे ट्रीट में शादी समारोह आयोजित करने पहुंचे थे जिसमें उनके परिजन इस वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंच रहे थे। कुछ दूर तक बस में फंसी बाइक और बाइक सवारों को घसीटने के बाद जब बस का चल पाना मुश्किल हुआ तो मजबूरन बस ड्राइवर और कंडक्टर को बस रोकनी पड़ी। बस के रुकते ही बस ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। बस में बैठे यात्री ने पुलिस और एम्बुलेंस को तत्काल खबर दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस और एम्बुलेंस पहुंची। हालाँकि तब तक दो लोग अपनी जान गवां चुके थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है वही दोनों मृतक दंपति केशव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल सिवनी में किया गया।

## खबर संक्षेप

### अमानक उर्वरक का क्रय-विक्रय तथा भण्डारण प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने वृहताकार सेवा सहकारी समिति से लिए गए एसएसपी दानेदार निर्माता कंपनी एग्रो फॉस इंडिया लि.इंदौर जिसका लॉट नं. APIL/D/G/7412/2023 तथा एसएसपी पावडर, निर्माता कंपनी एग्रो फॉस इंडिया लि.इंदौर जिसका लॉट नं. APIL/D/P/7511/2023 के परीक्षण में अमानक स्तर का पाये जाने पर उक्त दोनों उर्वरकों के क्रय-विक्रय एवं भण्डारण को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

### नरवाई प्रबंधन हेतु स्ट्रारिपर, मल्चर एवं श्रेडर यंत्र उपयोगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**/ उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ एवं सहायक कृषि यंत्री जे.एस.धुर्वे द्वारा अवगत कराया गया है कृषकों को नरवाई प्रबंधन हेतु स्ट्रारिपर, मल्चर एवं श्रेडर यंत्र का उपयोग करना चाहिए। स्ट्रारिपर के माध्यम से गेहूँ के फसल अवशेषों को भुसे के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है। इसी तरह श्रेडर तथा मल्चर की सहायता से फसल अवशेषों को मिट्टी में मिला दिया जाता है। जिससे फसल अवशेष खाद की रूप में परिवर्तित हो जाते है। जिन कृषक भाईयों को इन यंत्रों का उपयोग कर नरवाई प्रबंधन करना है वे सहायक कृषि यंत्री कार्यालय से इन यंत्रों को रखने वाले कृषकों की सूची प्राप्त कर सकते है।

## बाघदेव बंजारी में आयोजित एक शादी समारोह में मधुमक्खी के काटने से आधा दर्जन लोगों



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट रोड स्थित लगभग 8 किलोमीटर दूर बाघदेव बंजारी में आयोजित एक शादी समारोह में जहां हंसी-खुशी सभी शादी की तैयारी में जुटे थे। कोई वैवाहिक गीत गा रहा था, कोई बाजा बजा रहा था। कोई नृत्य कर रहा था। ऐसी खुशी के माहौल में जब नव जोड़ों के फेरों भावर की तैयारी के लिए जैसे ही हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित की उससे निकलने वाले धुएं के चलते पेड़ में लगी मधुमक्खियां बिफर गई। मधुमक्खी के बिफर से वहां शादी समारोह में जुटे लोगों में जमकर भगदड़ मच गई। मधुमक्खियां काटने के लिए झुंड की झुंड दौड़ पड़ी। जिसके चलते जिसको जहां लगा वे बचने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। इसी बीच भारत लाल बरमैया के ऊपर मधुमक्खी इतनी ज्यादा झूम गई कि वह जमीन पर ही गिर गया और बड़ी संख्या में मधुमक्खी के काटने से वह बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आये। वहीं भारत लाल बरमैया की पुत्री ने बताया कि उनके दामाद भारत कहार भी मधुमक्खी के काटने से घायल हुए हैं। समाचार बनाए जाने तक जिला अस्पताल में मधुमक्खी के शिकार लगभग 7

## राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रओं का कलेक्टर ने किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल /हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम दिनांक 24.04.2024 को घोषित किया गया हैं, जिसमें सिवनी जिले के राज्यस्तर पर प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में क्रमशः हाईस्कूल से कु.प्रतिष्ठा राय पिता श्री नीलमणि राय संस्कार वेली पब्लिक स्कूल चंदवाड़ा एवं कु.दीक्षा बिसेन पिता श्री रविन्द्र बिसेन, शास.कन्या हाईस्कूल उगली इसी प्रकार हायरसेकेण्डरी से कु.सना अंजुम खान पिता श्री मोहम्मद याकूब खान, मिशन उ.मा.वि.छपारा एवं कु.मुनमुन राय पिता श्री ओम प्रकाश राय, शास.उ.मा.वि.बा.केवलारी (सी.एम.राईज़) का कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु हार्दिक शुभकामनायें, प्रदान करते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही संबधित संस्था प्राचार्य एवं उपस्थित पालको को भी हार्दिक शुभकामनायें प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में श्री एस.एस.कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी, श्री विपनेश जैन,ए.डी.पी.सी. कार्या.जि.शि.अधि.सिवनी, श्री हेमंत राज,मुख्य लिपिक कार्या.जि.शि.अधि.सिवनी, श्री आर.एस.तेकाम परीक्षा प्रभारी कार्या.जि.शि.अधि.सिवनी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

## शेमरोक जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल का बोर्ड कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



शेमरोक जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल सिवनी बारापत्थर का बोर्ड कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा बोर्ड कक्षा पांचवी में अनंत कंदरा 88.5% आयुष भट्ट 86.5% अनमोल चौरसिया 83%अरनव बर्वे 80% प्रवधि बघेल 78.75% प्रवधि खरे71.75%, आयुषी रजक 71% दिव्यांश यूइके 62.5%पुष्कर अजीत 53.75% संस्था के डायरेक्टर शेफाली अभय निगम संस्था द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बच्चों को धन्यवाद दिया। अध्ययनरत बच्चों मे भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु अथक प्रयास स्कूल प्रशासन करता है।

स्कूल प्रशासन का मानना है कि हम अपने बच्चों को वह सब कुछ सिखा देना चाहते हैं जिससे कि वह किसी परीक्षा को आसानी से दे सके और उस में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करें स्कूल प्रशासन एवं विद्यार्थियों के माता-पिता एवं इष्ट मित्रों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

स्वर्गीय निगम जी ने एक परिकल्पना की थी कि हम अपने संस्थान से ऐसे सर्वोच्च उत्कृष्ट बच्चों को समाज में लाएंगे जिससे कि वे अपने परिवार ही नहीं अपने संस्था का भी नाम रोशन करेंगे जो आज परिणित होती दिखती है आगामी सत्र हेतु फाउंडेशन स्कूल मैं एडमिशन ओपन हो चुके हैं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जल्द से जल्द एडमिशन लेकर स्थान सुनिश्चित करें

विद्यालय प्रबंधन ने पालकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा विद्यालय को दिए गए सकारात्मक सहयोग की सराहना की। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय एवं पालकों को देते हुए विद्यालय द्वारा कराई जाने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए धन्यवाद दिया। जैसा की विदित है विद्यालय द्वारा बोर्ड की तैयारी कराई गई थी।

## पत्नी से बात करने के संदेह पर पडोसी की थी हत्या

# भागने की फिराक में थे दोनों भाई, पुलिस ने दबोचा

**कुरई थाना क्षेत्र में गुरूवार की सुबह पत्नी से बात करने और अवैध संबंध के शक पर पत्थर से वार कर की गई हत्या के फरार दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।दोनों आरोपित हत्या करने के बाद नागपुर भागने की फिराक में थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कुरई थाना प्रभारी एलएस झारिया ने बताया है कि रिड्डी निवासी मयंक भलावी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने गांव के अखिलेश शिवने के साथ बाइक से 25 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे पचधार गया था। इसी दौरान पचधार में रवि उर्फ रविन्द्र चौधरी ने अचानक चलती बाइक में अखिलेश को डंडा मार दिया।इससे अखिलेश जमीन पर गिर गया।अखिलेश को जमीन पर गिरा देख रविन्द्र ने पत्थरों से उसके सिर पर कई वार किए।मारपीट करते समय रविन्द्र का भाई राजेन्द्र ने रविन्द्र को उकसाते हुए कहा कि तब तक मार जब तक वह मर नहीं जाता।इस तरह रवि उर्फ रविन्द्र ने अखिलेश की सिर पर पत्थरों से मारकर हत्या कर दी। दिन दहाड़े इस तहर की गई निर्मम हत्या से ग्रामवासियों में काफी आक्रोश था।मौके पर काफी देर तक ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित रही।थाना प्रभारी ने बताया कि विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि आरोपित व मृतक एक ही गांव में पास-पास रहते है।रवि उर्फ रविन्द्र चौधरी को इस बात की शंका थी कि उसकी पत्नी से अखिलेश बातचीत करता है।साथ ही संबंध बनाए हुए है।इस शंका के आधार पर रवि उर्फ रविन्द्र ने अखिलेश की हत्या की।वही उसे उकसाने का काम उसके बडे भाई राजेन्द्र चौधरी ने किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई।टीम को पता चला कि दोनों आरोपित नागपुर भागने के फिराक में हैं।इस पर पुलिस टीम ने उन्हें भागने के पहले ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से खून से सने कपड़े की जब्ती की गई।आरोपितों को 24 घंटे के अंदर पकड़ने में थाना प्रभारी निरीक्षक एलएस झारिया, सहायक उप निरीक्षक अजय सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक श्याम वर्मा, सत्यकुमार इनवाती, तेजलाल परते, आरक्षक अनिवाश पांडे, बालचंद नगरधने, मुकेश भगत, अरूण करवेती व राजेन्द्र का योगदान रहा।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के द्वारा शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को जिला न्यायालय के वीडियो कान्फ्रेंसिग रूम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं योजना के लिए योजना की जानकारी प्रदान की गई साथ ही 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में उपस्थित न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागणों से चर्चा की गई साथ ही स्थाई लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के सबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में के.एम अहमद जिला न्यायाधीश सिवनी, श्रीमान बलवीर सिंह धाकड़ तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन लिये जावेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेलवृत्ति वर्ष 2024-2025 हेतु प्रदाय किया जाना है, जिसके लिये खेल विभाग द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। श्रीमती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने आगे बताया कि खिलाड़ी की आयु 01 अप्रैल 2024 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये। खिलाड़ी को सिवनी जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है। खेलवृत्ति हेतु आवेदन करने के पूर्व के वित्तीय वर्ष में यानि (01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 की अवधि में) खिलाड़ी द्वारा मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो, ऐसे खिलाड़ी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी/प्रशिक्षण केन्द्र/फीडर सेंटर/भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेल छात्रावास के अंतर्गत प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। खेलवृत्ति हेतु खिलाड़ी 31 मई, 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग वर्ग की अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ी को भी खेलवृत्ति की पात्रता होगी। अधिकृत राज्य स्तरीय खेल संघों द्वारा आयोजित मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित करने वाले पात्र खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष क्रमशः राशि रू. 10,000/-, रू. 8,000/- एवं रू. 6,000/- के मान से खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेलवृत्ति हेतु स्वर्ण पदक हेतु 08 टीम, रजत हेतु 12 टीम एवं कांस्य पदक हेतु 16 टीम की भागीदारी होना अनिवार्य है। इससे कम टीम होने पर खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। वाटर-स्पोर्ट्स, घुड़सवारी एवं शूटिंग जैसे खेलों जिनकी कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना सीमित है, पर यह नियम लागू नहीं होगा। खिलाड़ी को आवेदन पत्र के साथ (1) स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज की 01 फोटो, (2) जन्म प्रमाण पत्र या 10वीं कक्षा की अंकसूची, (3) मूल निवासी प्रमाण पत्र, (4) पदक प्राप्त खेल प्रमाण पत्र, (5) आधार कार्ड, (6) बैंक पासबुक की छायाप्रति, (7) राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित टीमों के नाम की सूची संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। आधे-अधूरे अपूर्ण भरे गये आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जावेंगें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 है। आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करते समय खिलाड़ी को अपने मूल दस्तावेज साथ लेकर आना अनिवार्य है। आवेदन पत्र कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, सिवनी से कार्यालयीन समय में निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं।

## खाद प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद पदार्थों के नमूने




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल द्वारा धनौरा में बाजार चौक स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार में निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ चमचम, लस्सी, गुलाब जामुन और पापड़ी का नमूना लिया जाकर निरीक्षण के दौरान कमियों में सुधार के लिए धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया एवं अशोक किरण से खाद्य पदार्थ सेंधा नमक और काला नमक का नमूना लिया गया। इसी तरह चलित खाद्य प्रयोग शाला से ग्राम भोमा में स्थित गुप्ता खोवा भंडार, पलारी टिकट्डा मे जय श्री बेकर्स और रेस्टोरेंट कैलाश होटल एवं श्रीजी मार्ट खैरा पलारी एकता कॉलोनी तहसील केवलारी से खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मौके पर लोगों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान कैसे की जाती है कि स्पॉट टेस्टिंग की जानकारी दी गई एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान कैसे की गई जाए की जानकारी दी गई।

## बलात्कारी को 20 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला सिवनी के थाना कुरई का मामला इस प्रकार है कि,नाबालिग पीड़िता उम्र 13 वर्ष के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21. 12.2021 को उसकी नाबालिग लड़की जब घर पर अकेली थी तब आरोपी मानसिंह पिता रामचरन धुर्वे उम्र 22 वर्ष ग्राम खाखरा थाना कुरई ने बहला फुसलाकर कर भगा कर ले गया है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुरई में 363 के अन्तर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया विवेचना के दौरान पीड़िता को दिनांक 23/3/2022 को दस्तयाब कर पीड़िता के बयान लिए गए पीडीता ने अपने कथन में बताया कि आरोपी मानसिंग से उसकी करीब 3 महीने से जान-पहचान थी,उसी का फायदा उठाकर जब वह घर पर अकेली रहती थी तब शादी का लालच देकर जबरदस्ती गलत काम करता था दिनांक 21.12.2021 को दोपहर 12.00 बजे बस में बिठा कर झांसी लेकर गया झांसी में मजदूरी का काम करते थे उस दौरान आरोपी मानसिंग ने कई बार उसके साथ गलत काम किया, थाना कुरई पुलिस द्वारा आरोपी मानसिंग एवं पीड़िता को थाना लाया गया। नाबालिग पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 550/21 के अंतर्गत धारा 363, 366 a, 376, 376 (2) (n) 376 (3), भादवी, धारा 5L, 6 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया शासन कि ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाह एवं सबूतों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय के द्वारा गवाह एवं सबूतों से सहमत होते हुए आज दिनांक 25.4.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी मानसिंग को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 366भादवी में 5वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदंड एवं 376(3) भादवी में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। धारा 51/6 पाक्सो एक्ट में आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना कि राशि अदा न करने पर 3 माह का सश्रम कारावास एवं सजा सुनाई गई।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय में मनाया गया विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय में वनस्पति तथा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा आज दिनांक 26 अप्रैल 2024 को विश्व बौद्धिक संपदा (आई पी) दिवस मनाया गया।विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2024 मनाने का महत्व बौद्धिक संपदा संरक्षण के महत्व को उजागर करना और नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में आईपी की भूमिका को बढ़ावा देना है। विभागाध्यक्ष डॉ शेषराव नवांगे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि जब हम बौद्धिक संपदा की रक्षा करते हैं तो नवाचार और रचनात्मकता अधिक बढ़ती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वे हमें आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करते हैं, हमारे द्वारा बनाई गई संपत्तियों के लिए मान्यता प्राप्त करते हैं और हमें और अधिक नवाचार करने और दुनिया को बेहतर चीजें प्रदान करने में मदद करते हैं। हालाँकि, जब बौद्धिक संपदा की सुरक्षा नहीं की जाती है और उन्हें चोरी के लिए खुला छोड़ दिया जाता है, तो दूसरों द्वारा उनकी चोरी होने की संभावना होती है - इससे मनोबल और नवीनता और रचनात्मकता की भावना कम हो सकती है। हर साल, विश्व बौद्धिक संपदा दिवस बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने और उन्हें सुरक्षित क्यों रखा जाना चाहिए, के लिए मनाया जाता है। यह दिन बौद्धिक संपदा संरक्षण के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अवसर है जो अधिकारों को ध्यान में रखता है। रचनाकारों और कॉपीराइट धारकों, साथ ही सार्वजनिक हित। इस वर्ष के विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का विषय है - आईपी और एसडीजीः नवाचार और रचनात्मकता के साथ हमारे सामान्य भविष्य का निर्माण। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उत्सव बौद्धिक संपदा समाधानों का पता लगाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए आविष्कारकों, उद्यमियों, आईपी कार्यालयों और अन्य हितधारकों को जोड़ने का अवसर प्रदान करता है तथा आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण में योगदान दें। कार्यक्रम में 70 छात्राओं ने भाग लिया।

## ग्रीष्मकालीन (रबी) धान विक्रय करने वाले कृषकों के लिए परामर्श

# बालाघाट बनी प्रदेश की पहली डिजीटल मंडी और जिले की पहली ई-मंडी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले की सात मंडी समितियों में से जिला मुख्यालय की गोंगलई स्थित कृषि उपज मंडी समिति, बालाघाट का नाबार्ड बैंक के पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश की पहली डिजिटल मंडी एवं मंडी बोर्ड भोपाल के पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले की पहली ई-मंडी के रूप में चयन किया गया है। जिसके तहत मंडी समिति, बालाघाट में कैशलेस अर्थव्यवस्था एवं पारदर्शिता को बढावा देते हुए सभी वित्तीय संव्यवहारों का सुरक्षित व सुविधाजनक डिजिटली लेनदेन होगा। मंडी समिति, बालाघाट में कृषकों, हम्मालों, तुलावटियों एवं अन्य कृत्यकारियों को चोरी, लूटपाट धोखाधड़ी एवं लंबी कतारों से मुक्त, सुरक्षित भुगतान होगा, जिससे मंडी के व्यापारियों एवं हितग्राहियों के समय और श्रम की बचत होगी।

वर्ष 2024-25 में ग्रीष्मकालीन रबी की धान और अन्य रबी फसल विक्रय करने वाले कृषकों से मंडी समिति, बालाघाट के भारसाधक अधिकारी श्री गोपाल सोनी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालाघाट एवं मंडी सचिव श्री मनीष मडावी ने परामर्श देते हुए अपील की है कि कृषक बंधु बालाघाट मंडी में अपनी उपज बेचने के लिए बैंक पासबुक की स्पष्ट फोटोकॉपी साथ लेकर आयें। अपने एंड्राइड मोबाइल में गूगल प्लेस्टोर से मंडी बोर्ड भोपाल का ई-मंडी एप इंस्टाल करें। ई-मंडी एप में कृषक पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करें। इस हेतु एप में अपना आवश्यक विवरण भरें। ई-मंडी एप में किसान लॉगिन में जाकर बालाघाट मंडी का चयन कर अपनी फसल विवरण दर्ज कर प्रवेश पर्ची स्वयं अपने मोबाइल में ही प्राप्त करें। मंडी समिति, बालाघाट के मंडी गेट पर भी ई-मंडी प्रवेश पर्ची की सुविधा उपलब्ध है। कृषक बंधु यहां से भी प्रवेश पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। कृषक को जिस नाम से भुगतान चाहिए, वह नाम, मोबाइल नंबर और फसल बताकर ई-मंडी प्रवेश पर्ची बनवायें। कृषक बंधुओं के लिए ई-मंडी प्रवेश पर्ची बनाते समय मोबाइल नंबर दर्ज करवाना अनिवार्य है। समय पर सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान प्राप्त करने के लिए मंडी गेट पर बैंक पासबुक और आधार कार्ड की स्पष्ट छायाप्रति जमा करें। कृषक बंधु प्रवेश पर्ची का




स्क्रीनशॉट प्रवेश के समय गेट पर और निलामी के समय पीओएस मशीन संचालनकर्ता मंडी अधिकारी को दिखायें।

इस प्रकार कृषक बंधु जब भी बालाघाट मंडी में अपनी उपज बेचने आयें, तब ई-मंडी एप लॉगिन करने के बाद मात्र फसल विवरण ही दर्ज करें। इससे कृषकों को लंबी कतार से मुक्ति, साथ ही समय व श्रम की बचत होगी और समय पर सुरक्षित व सुविधाजनक डिजिटल भुगतान प्राप्त होगा। मंडी समिति, बालाघाट में अपनी उपज बेचने आने वाले कृषक बंधुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, 5 रूपये में भोजन, तौल व्यवस्था एवं प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध है। कृषक बंधु ई-मंडी से संबंधित अपनी समस्त जिज्ञासाओं और समस्याओं के समाधान के लिए ई-मंडी प्रभारी स.उ.नि. पवन इनवाती मो. 7999619022 से संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा गौतम का सुयश



**बालाघाट।** लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहराई की छात्रा श्रद्धा गौतम पिता स्व.अजय गौतम ने लेंडेझरी स्थित सी.एम.राईस म पे स्कूल की छात्रा श्रद्धा गौतम पिता स्व. अजय गौतम की सुपुत्री श्रद्धा गौतम ने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वी विज्ञान एवं गणित विषय में 500 में से 472 अंक प्राप्त कर 94%4 प्रतिशत बनाकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। और कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्रद्धा बचपन से ही पढाई मे होनहार हैं। छात्रा श्रद्धा गौतम की सफलता पर मम्मी पुस्तकला गौतम, मामा पुष्पकुमार, कृष्णा बोपचे सहित बोपचे परिवार एवं कक्षा के शिक्षक शिक्षिकाएं ने शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### देवरस भालवी (पंडा बाबा) का हुआ आकस्मिक निधन



**लामता।** प्रसिद्ध देवी भक्त देवरस भालवी (पंडा बाबा) का 26 अप्रैल दिन शुकवार को दोपहर को अचानक हदयाघात से निधन हो गया,निधन की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई, प्रसिद्ध देवी भक्त को सभी लोग पंडा बाबा के नाम से जानते थे, अन्तिम संस्कार शनिवार को किया जायेगा, अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

### जेएसटी महाविद्यालय ने मनाया विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस

**बालाघाट।** शासकीय जेएसटी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर के मार्गदर्शन में विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में शासकीय विधि महाविद्यालय खरगोन के सहायक प्राध्यापक श्री निशांत दुबे सम्मिलित हुए। श्री दुबे के द्वारा बौद्धिक संपदा की शुरुआत कैसे हुई तथा वर्तमान में इसका कितना महत्व है के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियम के बारे में भी जानकारी साझा की। वेबिनार में महाविद्यालय परिवार व छात्र छात्राऍं उपस्थित रहे ।

### सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद नवीन सत्र में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिये इंतजार कर रहें विद्यार्थियों के लिए सीएम राइज़ शास वीरांगना रानी दुर्गावती उमावि बालाघाट में 24 अप्रैल से प्रवेश फार्म वितरित करना प्रारंभ किये जा चुके हैं। प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ उत्तीर्ण कक्षा की इंटरनेट की अंकसूची व संबंधित छात्र की एक फोटो अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि 5 मई तक अंतिम रूप से प्रवेश फार्म वितरित किये जायेंगे। साथ ही 7 मई 2024 तक पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र लिए जायेंगे । आवेदन पत्र वितरण का समय प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक तथा आवेदन प्राप्त करने का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 1:00 तक रहेगा I चयन सूची का प्रकाशन लोकशिक्षण संचालनालय के निर्देश प्राप्त होने के उपरांत किया जायेगा।

## रिश्तेदार बनकर रिटायर्ड कर्मी से खाते से उड़ाए 03 लाख

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




ऑनलाईन की इस युग में सायबर ठगी, लोगों के लिए आर्थिक समस्या का एक बड़ा कारण बन गई है. हालांकि इसको लेकर जागरूकता अपनाए जाने की अपील के बावजूद लोग, सायबर फ्राड के झांसे में आकर अपनी जमापूंजी गंवा रहे है. जिले में आए दिन सायबर फ्राड के बढ़ते मामले, यह प्रदर्शित करते है कि जिले में ऑनलाईन लेनदेन को लेकर अब लोग जागरूक नहीं है. ऑनलाईन लेनदेन की अज्ञानता का एक और मामला एक रिटायर्ड कर्मी के साथ घटित हुआ है. जिसमें रिटायर्ड कर्मी से उसका रिश्तेदार बनकर एक अपरिचित ने उनके खाते से 03 लाख रुपए पार कर दिए.सायबर थाने में आए शिकायती आवेदन में ऑनलाईन ठगी का शिकार हुए मलाजखंड के रिटायर्ड कर्मी ने बताया कि उसके फोन पर रिश्तेदार के नाम से फोन आया और उसकी आवाज रिश्तेदार की आवाज तक की तरह होने से वह झांसे में आ गए. उन्होंने मदद के लिए राशि मांगी. जिसके बाद पहली बार राशि भेजने के बाद तीन बार उनके खाते से राशि गायब हो गई. इस तरह चार बार में उनके खाते से 03 लाख रुपए निकल गए. इस मामले में सायबर नोडल थाना पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

## शाखा प्रबंधकों को निर्देशः समिति में रुकेंगे मुख्यालय में प्रतिदिन 10 समिति करेगी पैक्स आन लाइन का कार्यः सीईओ पटले

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 126 पैक्स समितियों में कंप्यूटराइजेशन का कार्य बदस्तूर जारी है। जिसको लेकर बैंक प्रशासक व कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा 26 अप्रैल को वीसी के माध्यम से शाखा प्रबंधकों, सुपरवाइजरो, समिति प्रबंधको और समिति कर्मचारियों की बैठक ली गई। इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, श्रीमती अन्नमा हरपाल, आर.के. असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, प्रतीक कुंडले उपस्थित रहे।

बैंक सीईओ श्री पटले ने निर्देशित किया कि पैक्स कंप्यूटराइजेशन को गंभीरता से ले और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करावे। कार्य को गति लाने प्रतिदिन चयनित 10 समिति के डाटा ऑपरेटर अपने संस्था प्रबंधकों के साथ मुख्यालय में उपस्थित होकर अनुभवी कर्मचारियों के साथ बैठकर कार्य करेंगे।

श्री पटले ने शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे समितियां जहां कार्य प्रगतिरत नही है वहा रुककर कार्य करावे और प्रगति से अवगत कराएंगे। श्री पटले ने बताया कि 26 अप्रैल को शाखा वारासिवनी, किरनापुर, कटंगी, बिरसा, बालाघाट की चयनित समिति के डाटा आपरेटर उपस्थित रहे। श्री पटले ने खरीफ ऋण वितरण की शाखावार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## टहल रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट-वारासिवनी रोड पर घर के आंगन में टहल रहे एक बुजुर्ग को वारासिवनी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दी. जिससे गंभीर रूप से घायल की ईलाज के दौरान अस्पताल लाते समय मौत हो गई. जानकारी अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा के मशीनटोला में हुई यह घटना बीती रात की है. बताया जाता है कि गर्रा पंचायत कचे मशीनटोला वार्ड क्रमांक 06 निवासी 76 वर्षीय अजीम पिता आनंदी यादव का वारासिवनी-बालाघाट रोड से लगा है. जिनके आंगन के समीप से यह मार्ग है. जो बीती रात खाना खाने के बाद घर के सामने टहल रहे थे. इसी दौरान वारासिवनी की ओर से आ रहे एक फोर व्हीलर वाहन चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया. वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल अजीम को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया. यहां उन्हें चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया. चूंकि घटना रात में होने के कारण, अस्पताल तहरीर मिलने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक अजीम का शव मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया था. जिसके शव का आज 25 अप्रैल को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया. मामले में अग्रिम जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जाएगी।

## शुक्रवार को 20 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शुक्रवार को 20 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 491 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, निर्दलीय रघुवीर चौहान, हुमाशु कोहराम व पोस्टमेन राजेश उइके उपस्थित रहे।

## तीन मौतों से फैली सनसनी, युवक और युवती का फांसी पर लटका मिला शव, 12 वीं की छात्रा थी युवती, सर्पदंश से दूसरी युवती ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में एक ही दिन में तीन मौतो से सनसनी फैल गई. लालबर्रा में युवक और बैहर में युवती का शव फांसी पर लटका मिला है. बताया जाता है कि मूलतः सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत छपारा का रहने वाला 35 वर्षीय सुदामा पिता ढालसिंह पटले की गांधेदिया में कपड़े की दुकान है, गत दिवस उसके ससुराल धारना में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने वह आ रहा था, लेकिन वह ससुराल नहीं पहुंचा. जिसका शव, 25 अप्रैल को लालबर्रा पुलिस ने कंजई के जंगल में फांसी पर लटका बरामद किया है. हालांकि युवक ने फांसी कब और क्यो लगाया? यह जांच का विषय है, युवक की संदेहास्पद मौत के मामले में जानकारी मिलने के बाद लालबर्रा पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया है. वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है.जबकि बैहर थाना अंतर्गत खोलवा में शिवानी पिता बिसनसिंह टेकाम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जिसके भी आत्महत्या करने का कारण, अस्पष्ट है. बैहर थाना प्रभारी रामकुमार रघुवंशी की मानें तो शिवानी 12 वीं कक्षा की छात्रा था. जिसकी मौत को लेकर परिजनों के बयान और पीएम के बाद ही कोई जानकारी स्पष्ट हो पाएगी. संभावना व्यक्त की जा रही है कि गत दिवस परीक्षा परिणाम के घोषित होने के बाद छात्रा शिवानी का आत्महत्या किया जाना. कहीं ना कहीं परीक्षा परिणाम से प्रभावित है. हालांकि पुलिस ने अभी शिवानी की मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है. जिसके शव का पीएम करवार पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है.एक अन्य घटना में बैहर थाना अंतर्गत ग्राम मोहगांव के पर्रापुर में बीती रात्रि घर में सोई 19 वर्षीय करिश्मा पिता हिम्मत सिंह गजाम को सांप ने काट लिया. जिसे गंभीर हालत में उपचारार्थ बैहर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था. जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. युवती की मौत की जानकारी पर बैहर पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है. मामले में बैहर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स समिति की बैठक 30 अप्रैल को आयोजित

**बालाघाट।** जिले में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिये जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स समिति की बैठक 30 अप्रैल को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिला खनिज अधिकारी श्री आरके खातरकर से प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेड कार्यालय में बैठक आयोजित की जायेगी।

## ग्रीष्मकालीन फसलों मूंग व उड़द की देखभाल करना आवश्यक, खोबरागढ़े ने दिया मरामर्श

**बालाघाट।** कृषि विकास उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोबरागड़े नें ग्रीष्मकालीन फसलों द्वारा मूंग व उड़द फसल एवं सामान्य फसल की देखभाल करने तथा फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ ही फसल को रोगमुक्त रखने के लिये परामर्श दिया गया है। उन्होंने कृषकों से कहा कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द फसल में उचित समय पर सिचांई करें। फसल की अच्छी वृद्धि एंव विकास के लिये 3 से 4 सिंचाई आवश्यक हैं। अनावश्यक रूप से सिंचाई करने पर पौधों की वानस्पतिक वृद्धि ज्यादा हो जाती है, जिसका उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब सिंचाई आवश्यकतानुसार व हल्की करें जिससे नमी बनी रहे तथा बढ़ते तापक्रम का फसल पर कम से कम प्रभाव पड़े। फसल पर रसचूसक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर डायमिथोएट 30 प्रतिशत ईसी 2 मिली.या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 0.2 मि.ली पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें। फसल में 20-25 दिन की अवस्था पर खुरपी या अन्य उपकरण से निराई गुडाई करें। जिससे के खरपतवार नियंत्रण हो सके व नमी बनी रहे। फसल पर एनपीके (19:19:19) जल विलेय उर्वरक को फूल आने से पहले और फली बनने की अवस्था पर 5 ग्रा./ली. पानी में घोल बनाकर छिडकाव करना चाहिए जिससे कि उपज में वृद्धि हो सके। फसल गहाई के उपरान्त उत्पाद को उचित नमी तक धूप में सुखायें, तत्पश्चात भण्डार गृह को साफ करके उसमें भण्डारित करें। फसल कटाई उपरान्त खेत में उचित नमी हो तो जुताई करें। गेंहूॅ की कटाई के उपरान्त नरवाई न जलाये। पूर्व में बोयी गयी फसलों के अवशेषों को खेत से बाहर करें जिससे कि बिमारी एवं रोगों की रोकथाम हो सके।

### विश्व मलेरिया दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उमंग कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में रेडक्रास एवं रेड रिबन क्लब, शासकीय कमला नेहरु कन्या महाविद्यालय, बालाघाट द्वारा विश्व मलेरिया दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा द्वारा छात्राओं को विश्व मलेरिया दिवस के उद्देश्य, मलेरिया रोग के फैलाव, मलेरिया के वाहक एनाफिलिज मच्छर का जीवन चक्र, मलेरिया परजीवी प्लासमोडियम का संक्रमण कैसे होता है आदि बिन्दुओ पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया की बालाघाट जिला मलेरिया रोग की द्रष्टि से एंडेमिक जिला है जंहा वर्ष भर मलेरिया रोगी पाए जाते है। हमें मलेरिया रोग की रोकथाम हेतु मच्छर की पैदाइश को रोकने हेतु उपाय करने चाहिए। साथ ही बुखार होने पर तुरंत खून की जाच करना चाहिए तथा मलेरिया होने पर पूर्ण उपचार लेना चाहिए।

### जिला शिक्षा केन्द्र में परीक्षा परिणाम समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट में डॉ. एमके शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 5वी 8वीं वार्षिक परीक्षा 2023-24 परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुये यूडीआईएसई प्लस एवं डीपीएमयू (बैठक माह अप्रैल) में संचालित गति विधियों की विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही एमडीएम से संबंधित क्रियान्वयन स्कूल चलें अभियान, पुस्तक वितरण, शालाएं समय पर खुली रखने, शाला गणवेश, सायकिल वितरण, होस्टल संचालन पर चर्चा की गई। वहीं सत्र 2024-25 में प्री प्रायमरी नर्सरी कक्षाएं संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त एपीसी, बीआरसी प्रोग्रामर, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, स्टॉफ डाईट प्रचार्य एवं डाइट फैकल्टी उपस्थित रहे।

## फसलों में फसल विविधीकरण का सफल प्रयोग : कृषि विभाग ने 750 किसानों के खेतों में रागी और तिल के 200-200 हेक्टेयर में लगाया प्रदर्शन

**बालाघाट।** कृषि विभाग ने फसलों में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए नवाचार किया है। यह नवाचार 750 किसानों के खेतों में किया गया। इस नवाचार से किसान भी बेहद संतुष्ठ नजर आ रहे है। बेलगांव के किसान गणेश बोड़ाजी बताते है कि कई वर्षों पर पहले उनके दादा रागी की फसल लिया करते थे। लेकिन अब कृषि विभाग के सहयोग से रबी में फसल लेना एक तरह से जोखिम लग रही थी। फसल लेने का समय होने लगा है तो फसल का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है। इसी तरह बेलगांव के ही गणेश समरीते बताते है कि रागी रबी में लगाने के लिए विभाग द्वारा किसानों को समझाया गया। प्रशिक्षण देकर पूरी तकनीक समझाई गई। उसके परिणाम भी देखने मे आने लगे है।

कृषि उपसंचालक श्री राजेश खोब्रागड़े ने बताया कि नवाचार की शुरुआत दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह में ही कि गई थी। इसके लिए किसानों के चयन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणों में तकनीक और लाभ, सीड ट्रीटमेंट और प्राकृतिक खेती से खेती के तरीके बताये गए। यह पहला अवसर है जिसमें रबी में रागी और तिल की खेती का नवाचार किया गया। तिल की बुवाई छिडकाव से जबकि रागी को रौपा विधि के तहत लगाया गया। फसलों को देखकर नवाचार की सफलता के आसार लग रहे है। रागी और तिल की फसलों का 200-200 हेक्टेयर में प्रदर्शन लगाए गए।

कृषि उपसंचालक श्री खोब्रागड़े ने बताया कि नवाचार के लिए बालाघाट जनपद के पिंडरई, देवरि कन्हड़गांव और खुरसोड़ी में प्रदर्शन



लगाए गए। इसके अलावा किरनापुर में बेलगांव, जराही, सल्हे, कटंगी, कोप्पे और बोरगांव तथा वारासिवनी जनपद में भांडा मुर्री में किसानों के खेतों में प्रदर्शन लगाए गए।

ग्रामीण विस्तार अधिकारी श्री संजय उइके ने बताया कि प्रशिक्षण और बुआई के बाद किसानों से लगातार प्रदर्शन पर चर्चा की गई। किसानों ने भी इसकी सराहना की है। अगर प्रयोग उत्पादन की तुलना में अच्छा रहा तो किसानों को रबी में रागी और तिल लगाने में आर्थिक लाभ होगा। क्योंकि खरीफ के मौसम में लगाई जाने वाली रागी और तिल खराब होने से उत्पादन में फर्क पड़ता है।

## लिंग संवेदीकरण और महिला अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या विद्यालय की जेंडर फोरम समिति द्वारा शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में महाविद्यालय में लिंग संवेदीकरण एवं महिलाओ के अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती फिरोज़ खान सामाजिक कार्यकर्ता ने लिंग संवेदीकरण एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं को बताया कि लिंग संवेदीकरण का उद्देश्य लैंगिक समानता के प्रति सभी को जागरूक करना है। संविधान ने सभी को बराबर अधिकार दिए हैं चाहे वह महिला हो अथवा पुरुष। उन्होंने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई अभियान चलाए जाते हैं शिक्षा का अधिकार सभी को है एवं शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ ही साथ राजनीतिक सशक्तीकरण भी अति आवश्यक हो गया है। इसीलिए अपने सभी अधिकारों को जाने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज में लैंगिक जागरूकता में अपनी सहभागिता दें। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार एवं कुमारी प्रीति उइके विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान, श्री जीवन मसराम,डॉ करन सिह सैनी, डॉ स्वाति जैन एवं डॉ अरुण कुमार बोरकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com